हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, गुरुवार 11 दिसंबर 2025
कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 11 डिग्री

13 57 बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों का गुरूछाया ने किया सम्मान



14 मिलेगी राहत : जनवरी से 200 यूनिट तक आधा बिजली बिल



## खबर संक्षेप

### खंभे पर चढ़े बिजली मिस्त्री को लगा करंट, अस्पताल में हुई मौत



■ नवागांव-बिरेझर की घटना

**धमतरी।** विद्युत पोल पर चढ़कर मरम्मत कर रहा बिजली मिस्त्री करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गया। घटना में बिजली मिस्त्री की मौत हो गई । अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार धर्मेन्द्र दास वैष्णव पिता गोपाल दास उम्र 35 वर्ष ग्राम भठेली थाना भखारा निवासी विद्युत विभाग की ठेकेदारी में बिजली मिस्त्री का काम करता था। मंगलवार को धर्मेन्द्र पुलिस चौकी बिरेझर क्षेत्र के ग्राम नवागांव में विद्युत के काम से गया था। दोपहर को वह विद्युत पोल पर चढ़कर मरम्मत का काम कर रहा था। इसी दौरान मिस्त्री करंट की चपेट में आ गया। करंट लगने से मिस्त्री जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बेहोशी की हालत में उसे उपचार के लिये भखारा अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से रिफर करने पर घायल को धमतरी मसीही अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान बिजली मिस्त्री की अस्पताल में मौत हो गई। चौकी पुलिस ने बुधवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## तिलहन की खेती करने वाले किसान परेशान, फसल परिवर्तन चना, गेहूं की खेती पर निर्भर

# ढूंढने से भी नहीं मिल रहा सूरजमुखी, सोयाबीन का बीज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नेशनल इडिबल ऑयल मिशन के तहत तेल उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है, लेकिन विडंबना यह है कि किसानों को तेल उत्पादन के लिए सोयाबीन, सूरजमुखी जैसी तिलहन फसल के लिए बीज नहीं मिल रहा है। कृषि विभाग में भी ये बीज नहीं उपलब्ध नहीं है। ऐसे में कृषि विभाग किसानों को सरसों की खेती की ओर कन्वर्ट कर रहा है।

इस बार जिले में फसल चक्र परिवर्तन की हवा चली है। अधिकांश किसान धान की खेती छोड़कर दलहन, तिलहन की फसल ले रहे हैं। उधर जिले में नेशनल इडिबल ऑयल मिशन भी चल रहा है, जिसके तहत किसानों को खाद्य तेल का उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, लेकिन इन दोनों योजनाओं को आपस में जोड़ने में प्रशासन असफल रहा। फसल परिवर्तन की राह चुनने वाले किसान केवल चना, गेहूं की खेती पर निर्भर हो गए हैं। अन्य फसलों के बीज किसानों को ढूंढने पर भी नहीं मिल रहे हैं। कुछ किसान सरसों लगा रहे हैं। वह भी खुले बाजार से खरीदकर। कृषि विभाग के पास सरसों बीज तो उपलब्ध है, लेकिन उसकी क्वालिटी उतनी अच्छी नहीं है। इसलिए अधिकांश किसान मार्केट से करीब 900 रुपए किलो में हाइब्रिड सरसों बीज खरीदकर बोनी कर रहे हैं।

### खुले बाजार में भी नहीं मिल रहा बीज

नेशनल इडिबल ऑयल मिशन के तहत शासन द्वारा खाद्य तेल उत्पादन करने वाली फसलों को बढ़ावा दे रही है। इसके तहत आयल पॉम की खेती पर किसानों को सब्सिडी भी मिल रही है। विडंबना यह है कि इस मिशन के तहत सोयाबीन, सूरजमुखी की खेती को बढ़ावा नहीं मिला है। स्थिति यह है कि इन फसलों के लिए किसानों को बीज तक नहीं मिल रहा है। कृषि विभाग में तिलहन फसल के नाम पर सिर्फ सरसों का बीज उपलब्ध है। सोयाबीन, सूरजमुखी बीज नहीं है। खुले बाजार में भी यह बीज उपलब्ध नहीं है। कई किसान इन फसलों की खेती करना चाहते हैं, लेकिन बीज नहीं मिलने के कारण वे चना, गेहूं की फसल ले रहे हैं।




### दलहनी बीज भी कम

पिछले रबी सीजन में चने की फसल कम थी, लेकिन कृषि विभाग ने 3 हजार हेक्टेयर से ज्यादा के लिए चना बीज का वितरण किया था। इस साल फसल ज्यादा है, लेकिन बीज वितरण 6-7 हजार हेक्टेयर के लिए ही हुआ है। बीज वितरण जारी है। उल्लेखनीय है कि पिछले साल किसानों ने समितियों से कर्ज में बीज का उठाव किया था, लेकिन इस साल धान खरीदी की सुस्त चाल के चलते किसान पुराना कर्ज ही नहीं चुका पाए हैं। ऐसे में किसानों को कर्ज में बीज नहीं मिला। यही नहीं बीज ग्राम योजना के तहत सब्सिडी में काफी कम चना बीज का वितरण किया गया है। बिना सब्सिडी के चना बीज 9 हजार रुपए क्विंटल में किसानों को दिया जा रहा है। ऐसे में किसान दूसरे किसानों से सस्ते में बीज लेकर बोनी कर रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**धमतरी।** मोटरसाइकिल के फिसल जाने से गंभीर रूप से घायल मजदूर युवक की अस्पताल में मौत हो गई है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार योगेश ठाकुर पिता लक्ष्मण उम्र 37 वर्ष ग्राम पेंवरो थाना गुरूर निवासी मजदूरी का काम करता था। सोमवार को युवक अपनी मोटरसाइकिल से ग्राम भरदा गया था जहां से युवक काम निपटाकर वापस पेंवरो लौट रहा था। युवक अपने घर के पास पहुंचा था तभी उसकी बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे निजी वाहन की मदद से उपचार के लिये श्रीराम अस्पताल धमतरी में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान युवक की मंगलवार की सुबह मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



# औषधीय खेती में जिले को मिला राष्ट्रीय सम्मान

■ इस वर्ष जिले में 130 एकड़ में औषधीय पौधों का रोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में धमतरी जिले को औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती के लिए राष्ट्रीय स्तर का सम्मान मिला है। खास बात यह है कि आजीविका मिशन के तहत समूह को इस अनोखी खेती के लिए प्रोत्साहित किया गया साथ ही मार्केट लिंकेज भी सुनिश्चित किया गया, जिसके चलते जिले में इस खेती को अभूतपूर्व सफलता मिली।

कृषि मेला ग्राउंड नई दिल्ली में आईसीएआर एवं कृषि जागरण द्वारा महाकुंभ 2025 का आयोजन किया गया था। इस कार्यक्रम में धमतरी जिले को औषधीय एवं सुगंधित पौधों की खेती में उत्कृष्ट कार्य हेतु राष्ट्रीय सम्मान प्रदान किया गया। जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आजीविका) अनुराग मिश्रा ने यह सम्मान पूर्व राज्य गृहमंत्री अजय मिश्रा के हाथों से ग्रहण किया। यह उपलब्धि जिले में चल रहे अभिनव आजीविका प्रयास के तहत औषधीय खेती को बढ़ावा देने के परिणामस्वरूप मिली है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने बताया कि जिले में मखाना का बेहतर ढंग से उत्पादन हो रहा है। जिले को मखाना बोर्ड में भी शामिल कर लिया गया है। यह पहल मखाना की खेती को और आगे बढ़ाएगी।

जानकारी के अनुसार इस वर्ष जिले में 130 एकड़ में औषधीय पौधों का रोपण किया गया है, जिसका 100 प्रतिशत मार्केट लिंकेज सुनिश्चित किया गया है। बिहान की 300 से अधिक महिलाओं को ⏩ शेष पेज 13 पर



### महानदी तट पर 4000 औषधीय पौधों का रोपण

कुरूद, कुहकुहा, कन्हारपुरी, गुदगुदा, मगरलोड आदि क्षेत्र में खस, पचौली, सिंदूर, ब्राह्मी और लेमन ग्रास जैसी औषधीय फसलों का सफलतापूर्वक उत्पादन किया जा रहा है। नगरी क्षेत्र में महानदी तट पर लगभग 4000 औषधीय पौधों का रोपण किया गया है, जिससे भविष्य में किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

## समूह ने मांगी कचरा कलेक्शन की मजदूरी



■ नारी में महिला समूह पिछले एक साल से कर रही है कचरा संग्रहण का कार्य


**धमतरी।** ग्राम नारी की स्वसहायता महिला समूह ने कचरा कलेक्शन राशि का भुगतान कराने की मांग कलेक्टर से की है। जय मां चंडी स्वसहायता समूह नारी की अध्यक्ष खिलेश्वरी चतुर्वेदी, सचिव प्रमिला कुम्हार ने बताया कि उनके समूह में गायत्री, किरण, रीना, देवंतीन तथा सिलोचना, टामेश सदस्य हैं। ग्राम नारी के सरपंच तथा सचिव ने कचरा कलेक्शन के लिए उनके समूह को नियुक्त किया था। विगत एक साल से लगातार वह कचरा कलेक्शन का काम कर रही हैं जिसका भुगतान आज तक नहीं किया गया है। वे सभी गरीब तथा रोजी मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। उन्होंने कलेक्टर से कचरा कलेक्शन की मजदूरी दिलाने की मांग की है।

## फाइनेंस कंपनी में सवा लाख से अधिक की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

मंगलवार की देर रात्रि चोर आमातालाब रोड स्थित फाइनेंस कंपनी का ताला तोड़कर रूपयों सहित डिजिटल लॉकर की चोरी कर फरार हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार रूद्री रोड के आमातालाब मार्ग पर एसएमएफजी ग्राम शक्ति फाइनेंस क्रेडिट कंपनी का कार्यालय है। मंगलवार शाम को सभी कर्मचारी आफिस बंद कर घर चले गये। इसी दौरान देर रात्रि अज्ञात चोरों ने फाइनेंस कंपनी में धावा बोल दिया। चोरों ने सबसे पहले वहां पर लगे सीसीटीवी कैमरों में तोड़फोड़ की। उसके बाद शटर का ताला तोड़ भीतर प्रवेश कर नगदी तलाश करते वहां रखे सामानों को इधर-उधर फेंक दिया। आखिर में चोर भीतर रखे डिजिटल लॉकर तक पहुंच गये। चोरों ने पहले तो लॉकर को खोलने का प्रयास किया जब खोलने में असफल हुए तो डिजिटल लॉकर को ही अपने साथ लेकर फरार हो गये। लॉकर में सवा लाख रूपये से अधिक रकम होना बताया जा रहा है। बुधवार की सुबह कर्मचारी आफिस पहुंचे तो उन्हें ताला टूटा हुआ मिला। वहीं भीतर सामान बिखरा हुआ था। घटना की सूचना सिटी कोतवाली को दी गई। सूचना पर सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी व कोतवाली प्रभारी राजेश मरई दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं एफएसएल टीम व डाग स्क्वाड को भी जांच के लिये मौके पर बुलाया गया। टीम तत्काल जांच में जुट गई। फिलहाल कंपनी में चोरी करने वाले चोरों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।



नहीं खुलने पर डिजिटल लॉकर ही उठा ले गये चोर

### अलार्म नहीं बज पाया : सीएसपी

घटना के संबंध में सीएसपी अभिषेक चतुर्वेदी ने मीडिया को बताया कि रूद्री रोड में एसएमएफजी स्माल क्रेडिट फाइनेंस कंपनी का कार्यालय है जो छोटे-मोटे लोन देती है। रात्रि 1 से 2 बजे के बीच में कुछ अज्ञात लोग कार्यालय का शटर तोड़कर भीतर घुसे। घटना के दौरान अलार्म नहीं बजा। अलार्म एक सप्ताह से खराब था। चोर तलाशी करने के बाद रूपयों से भरे डिजिटल लॉकर लेकर भाग गये। सीसीटीवी कैमरों के साथ भी छेड़छाड़ की गई है। पुलिस जांच में जुटी है।

# सेमरा (बी) हत्याकांड के तीन आरोपी गिरफ्तार, दो अभी भी फरार

■ घर के सामने गाली-गलौज करने से मना करने पर युवक की कर दी थी हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ब्लॉक के सेमरा-बी गांव में 7 दिसंबर 2025 की रात को हुई 23 वर्षीय युवक रोहित नाग की चाकू मारकर हत्या के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को धारा 103(1), 3(5) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया है। इस मामले में कुल पांच आरोपी शामिल थे, बाकी दो फरार हैं जिनकी तलाश जारी है।

कुरुद पुलिस ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि रोहित नाग अपनी मौसी के घर सेमरा-बी आया हुआ था। नशे में धुत पांच बदमाशों ने उसके घर के सामने गाली-गलौज और हुड़दंग मचाया। मृतक ने गाली-गलौज का विरोध किया, जिस पर चंद्रशेखर उर्फ जॉनी साहू, झन्नू ध्रुव सहित अन्य साथियों ने उसे पकड़कर हाथ-मुक्का, लोहे के पाइप एवं चाकू से लगातार वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बीच बचाव करने पहुंचे परिजनों को भी एयर पिस्टल दिखाकर जान से मारने की धमकी दी गई। गंभीर अवस्था में रोहित नाग को मसीही अस्पताल धमतरी ले जाया गया, जहां उपचार दौरान 8 दिसंबर को रात्रि 2 बजे उसकी मृत्यु हो गई।



### अपराध में विधि से संघर्षरत बालक भी शामिल

पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। विवेचना के दौरान आरोपी चंद्रशेखर साहू, झन्नू ध्रुव एवं विधि से संघर्षरत बालक का कथन लिया गया, जिसमें आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों से घटना में प्रयुक्त एक्टिवा सहित अन्य सामान भी जप्त किया गया। विधि से संघर्षरत बालक की सामाजिक पृष्ठभूमि रिपोर्ट तैयार कर उसे किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया। अन्य फरार आरोपियों की पतासाजी लगातार जारी है।

### सभी आरोपी सूखे नशे के आदी

पुलिस ने तीन मुख्य आरोपियों को हिरासत में ले लिया है जिसमें चंद्रशेखर उर्फ जॉनी साहू पिता टुकेश साहू उम्र 25 वर्ष, झन्नू ध्रुव पिता नंद कुमार ध्रुव उम्र 24 वर्ष दोनों ग्राम दोनर थाना अर्जुनी जिला धमतरी (छग) के रहने वाले हैं। ये सभी आरोपी नशेड़ी बताए जा रहे हैं, जो गांजा का नशा करते हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की पहचान की और उन्हें पकड़ा। यह भी बताया गया कि आरोपियों ने इस घटना से पहले दो अन्य गांवों में भी मारपीट और धमकाने जैसी घटनाओं को अंजाम दिया था।

पाठक सूचना
धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

सुमीत बाजार में आज पेपर कटिंग लाने पर




MRP. ₹ ~~1699~~ से ₹ ~~2599~~
प्रति पीस वाले
विश्व स्तरीय प्रीमियम क्वालिटी कॉटन ब्रांडेड
मेन्स शर्ट
₹333 में प्रति पीस
1 शर्ट की कीमत मात्र ₹333 में
ऑफर आइटम स्टॉक रहने तक.... एक व्यक्ति के पास एक से अधिक कटिंग होने पर भी अधिकतम 2 पीस दिया जायेगा. पेपर कटिंग लाना अनिवार्य है.
रूद्री रोड, धमतरी
*condition apply

## खबर संक्षेप

### पेंशनर्स समाज ने दी संवेदना राशि

**नगरी।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक एवं पेंशनर्स समाज के संगठन सचिव बृजलाल सार्वा के आकस्मिक निधन के पश्चात उनके पंच नहावन कार्यक्रम में पेंशनर्स समाज नगरी के अध्यक्ष आरएल देव एवं संरक्षक एएल बनपेला ने उनके निवास पहुंचकर उनकी पत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी सार्वा को संवेदना राशि प्रदान की। संरक्षक एएल बनपेला ने श्री सार्वा के समाज के लिए किए गए योगदान और उनके कार्यों को याद करते हुए अपनी श्रद्धांजलि दी तथा पेंशनर्स समाज की परंपरा के अनुसार उनकी पत्नी को 2000 रूपए और संवेदना पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर सचिव पीआर चंद्रवंशी, कोषाध्यक्ष जीएस वर्मा, संयुक्त सचिव जीसी साहू, डीएस ध्रुव, बीएस सुरेशा, एलएन दीक्षित, एसएल मोहन, केके सिन्हा, एलएस गजपाल, जेके साहू, एमआर चनाप, अलका गजपाल, शकुन कश्यप, एसपी ग्वाले, मोहन साहू समेत बड़ी संख्या में पेंशनर समाज के सदस्य उपस्थित रहे।

### मारकेल ने जीता मैच



**करपावंड।** मंगलवार मारुति 11 क्रिकेट क्लब करपावंड वर्ष 2025 का प्रथम मैच खेला गया जिसमें मार्केल विरुद्ध पोटानार की टीम का आपस में सामना हुआ। पोटानार की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। मार्केल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए ताबड़तोड़ 151 रन का टारगेट दिया। लक्ष्य को पोटानार की टीम अच्छी लड़ाई लड़ते हुए 17 रन से पीछे रह गई। मार्केल से मैन ऑफ द मैच सीताराम रहे जिन्होंने 27 गेंद का सामना करते हुए 72 रन बनाए। वही दूसरा मैच मार्केल विरुद्ध कुरुषपाल खेला गया जिसमें मार्केल की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। कुरूषपाल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 103 रनो का विशाल लक्ष्य मार्केल के सामने रखा। मार्केल के बल्लेबाजो ने अच्छी बल्लेबाजी करते हुए अपनी टीम को जीत दिला दिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे चंकी जिन्होंने हैट्रिक विकेट लेकर मात्र 6 रन दिए। मुख्य अतिथि तरुण पांडेय जनपद उपाध्यक्ष बकावंड, विषम ठाकुर करपावंड मंडल महामंत्री, ओमप्रकाश गुप्ता मीडिया प्रभारी मौजूद रहे।

### मां सारदा देवी का 173वां जन्म महोत्सव आज

**जगदलपुर।** रामकृष्ण सारदा सेवाश्रम धरमपुरा में गुरूवार को मां सारदा देवी का 173 वां जन्म महोत्सव किया जाएगा। सेवाश्रम के अध्यक्ष स्वामी तन्मयानन्द ने बताया कि इसमें सुबह 5 बजे मंगलारती, 5.15 बजे वैदिक मंत्र एवं स्त्रोत पाठ, 5.40 बजे देवी सुक्तम एवं दुर्गा सुक्तम, 6 बजे मंदिर प्रांगण में भजन, 7.30 बजे विशेष पूजा, पूर्वान्ह 11 बजे भजन, भक्ति गीत, 11.30 बजे पुष्पांजलि, मध्यान्ह 12 बजे हवन, 1.30 बजे प्रसाद वितरण, शाम 6.20 बजे संध्या आरती, भजन, रात्री 8.30 बजे प्रवचन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा।

**न्यायालय तहसीलदार धमतरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्रं. 202512130700026 ब-121 वर्ष 2025-26
ग्राम-धमतरी, तहसील व जिला धमतरी

आवेदक अशोक कुमार पाण्डेय पिता नारायण पाण्डेय निवासी बांसपारा धमतरी तहसील व जिला धमतरी के द्वारा अपने पुत्री श्रीया पाण्डेय के हेतु केंद्र सरकार के अंतर्गत लोक पदों एवं सेवाओं में नियुक्ति हेतु/शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश प्राप्त करने हेतु आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए निर्धारित 10 प्रतिशत आरक्षण का लाभ प्राप्त करने हेतु भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्राप्त हुआ है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आवेदक अशोक कुमार पिता नारायण पाण्डेय निवासी बांसपारा धमतरी तहसील व जिला धमतरी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के होने संबंधी आपत्ति/उजर दावा पेश करना हो तो वह दिनांक 22/12/2025 तक इस न्यायालय में न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति/उजर दावा पर किसी प्रकार से कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
धमतरी (छ.ग.)

पीजी कॉलेज में लगा मूट कोर्ट, हत्या व भरण-पोषण के दो अहम मामले निपटे

# चरित्र संदेह में महिला की डंडे से हत्या, अभियुक्त दोषमुक्त

- बच्चे की देखभाल व शिक्षा के लिए 5000 प्रतिमाह 18 वर्ष तक देना होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी





बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में विधि विभाग द्वारा आयोजित मूट कोर्ट (आभासी न्यायालय) में दो महत्वपूर्ण मामलों की सुनवाई की गई। कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्रीमती हेमवती ठाकुर, श्रीमती ग्रेस कुजूर, विधि विभागाध्यक्ष प्रो. दुर्गेश प्रसाद, मूट कोर्ट समन्वयक श्रीमती गायत्री लहरे, डॉ. सपना ताम्रकार, प्रो. पंकज जैन, प्रो. कोमल प्रसाद यादव एवं डॉ. प्रेमनाथ भारती के निर्देशन में विद्यार्थियों ने न्यायालयीन कार्रवाई का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

पहला मामला भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 103 के तहत हत्या के काल्पनिक प्रकरण पर आधारित था, जिसकी सुनवाई सत्र न्यायाधीश अमोघ दीवान के न्यायालय में हुई। आयोजन पक्ष के अधिवक्ताओं वर्षा निर्मलकर, लता मारकंडे, गगन जादव, केशव साहू, सिद्धि पटेल, युवराज, मनीष साहू, एकता धीवर व हितेश ने तर्क प्रस्तुत किए। अभियोजन पक्ष के मुताबिक अभियुक्त का एक तलाकशुदा महिला से अनैतिक संबंध था और चरित्र संदेह में उसने महिला की डंडे से हत्या कर दी। बचाव पक्ष के अधिवक्ता धनेंद्र साहू, तेजल, दानिश, ऋषि, मनीषा, तनुज, साक्षी, भावना व निधि ने गवाहों के बयान और साक्ष्यों के आधार पर अभियुक्त की निर्दोषता का तर्क रखा। न्यायालय ने पाया कि अभियोजन पक्ष साक्ष्य प्रस्तुत करने में असफल रहा, इसलिए अभियुक्त को दोषमुक्त कर दिया गया।

दूसरा मामला भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 144 के अंतर्गत भरण-पोषण से संबंधित था, जिसकी सुनवाई परिवार न्यायालय की न्यायाधीश सुश्री अमेरिका पैकरा ने की। आवेदिका ने अपने पति से स्वयं व 6 वर्षीय बच्चे के भरण-पोषण की मांग की। पति ने बेरोजगारी का हवाला दिया, वहीं न्यायालय ने पाया कि आवेदिका शिक्षित व सक्षम है। न्यायालय ने बच्चे की देखभाल व शिक्षा के लिए 5000 प्रतिमाह 18 वर्ष तक भरण-पोषण देने का आदेश पारित किया तथा परिवर्तित परिस्थिति में राशि बढ़ाने का अधिकार सुरक्षित रखा।

दीवानी मामले में अधिवक्ता प्रियांशी, ऋषि, सोनाली, शिवानी तथा अनावेदक पक्ष से मनीष, निधि, साक्षी जैन, सिद्धि, ऐश्वर्या और दिशा शामिल थे। विवेचक तरुण नागवंशी एवं गवाह के रूप में एलएलबी विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्रीमती जयश्री पंचांगम, भीखम साहू, अधिवक्ता शंकर देवांगन, कुशल चोपड़ा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे। मंच संचालन पल्लवी जायसवाल व उपेंद्र साहू ने किया।

# आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को समय पर गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले

- कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक ली

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा बैठक हुई। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती जगरानी एक्का ने विभाग द्वारा संचालित योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी दी।

कलेक्टर ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों की ई-केवाईसी की स्थिति जानी। जिन हितग्राहियों की केवाईसी नहीं हुई है, उन्हें सीएससी केंद्रों के माध्यम से तुरंत पूर्ण कराने को कहा। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत स्वीकृत आंगनबाड़ी भवनों के निर्माण की प्रगति भी ली गई। कलेक्टर ने अपूर्ण निर्माण कार्यों को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को समय पर नाश्ता, गुणवत्तापूर्ण गर्म भोजन, स्वच्छता, नाखून काटने, सफाई और नियमित स्वास्थ्य जाच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नगरी में कुपोषण मुक्त अभियान का प्रॉपर फॉलोअप लेने और रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए जहां कुपोषण ज्यादा हो उन गांव में अजीम प्रेमजी का भी सहयोग लें। उन्होंने बड़ी पंचायत को कुपोषण मुक्त करने ग्राम सभा से प्रस्ताव पारित कारण उनका सहयोग लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने एनआरसी में भर्ती बच्चों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि अपने क्षेत्र के आंगनबाड़ी केंद्रों का सप्ताह में रैंडम निरीक्षण करें और निरीक्षण की फोटो ग्रुप में साझा करें। बैठक में पोषण ट्रैकर, सखी वन स्टॉप सेंटर, बाल संरक्षण योजनाएं, सुपोषण अभियान, किशोरी बालिका योजना, पीएम मातृत्व वंदना योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम समेत अन्य योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

### गोरेगांव के कर्मा भवन में बनेगा किचन शेड



**नगरी।** ग्राम गोरेगांव स्थित कर्मा भवन ग्रामीण साहू समाज परिसर में किचन शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इससे सामाजिक कार्यक्रम के सुचारू संचालन में सुविधा बढ़ेगी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, सरपंच कन्हैया नाग, उपसरपंच जीवनलाल यादव, पंच कृष्णा बाई ध्रुव, कुंती बाई नेताम, सुनीति बाई मरकाम, सुमित्रा बाई बंजारे, साहू समाज के अध्यक्ष अमृत साहू समेत बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

## महापौर ने की पॉलीटेक्निक कॉलेज छात्रा की मदद




हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जनसेवा और मानवीय संवेदनाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण प्रस्तुत करते हुए महापौर रामू रोहरा ने साल्हेवारपारा निवासी गीतांजलि टंडन की बेटी भारती टंडन जो वर्तमान में पॉलीटेक्निक कॉलेज रायपुर में अध्ययनरत हैं, की पढ़ाई में आ रही आवश्यकताओं को पूरा किया।

छात्रा की पढ़ाई के लिए आवश्यक ड्राइंग बुक, पेन, कॉपी, ड्राइंग कलर, फाइल व अन्य शैक्षणिक सामग्री की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर महापौर रामू रोहरा ने बिना विलंब अपने स्तर पर सभी सामग्री मंगवाकर प्रदान की। इस सहयोग से छात्रा की पढ़ाई में सुविधा मिलेगी और वह आगे बेहतर प्रदर्शन कर सकेगी।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि शिक्षा ही समाज के समग्र विकास की नींव है। किसी भी छात्रा की शिक्षा आर्थिक अभाव के कारण बाधित नहीं होनी चाहिए। इस मानवीय पहल के लिए गीतांजलि टंडन और उनके परिवारजनों ने महापौर का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहयोग उनकी बेटी के उज्ज्वल भविष्य के लिए संबल साबित होगा।

## छग शिक्षक संघ ने किया अर्धवार्षिकी एवं नव पदोन्नत शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ विकासखण्ड नगरी द्वारा डाइट नगरी में आयोजित अर्धवार्षिकी एवं नव पदोन्नत शिक्षकों का सम्मान समारोह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष नवीन चंद्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी केआर साहू, सहायक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी महेश्वरी ध्रुव, ब्लॉक समन्वयक प्रकाश साहू तथा प्रभारी प्राचार्य डीके साहू थे।

समारोह का शुभारंभ मां सरस्वती की वंदना से हुआ, जिसके बाद कमार आश्रम की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं नृत्य प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को जीवंत बनाया। अर्धवार्षिकी पूर्ण कर चुके वरिष्ठ शिक्षकों ज्योतिकांत साहू, हरलाल नेताम, रामू लाल साहू, भानु कुमार देव, बिसरू राम नागेश, महेश कुमार नागेश, मोहन लाल साहू, रूपनारायण वर्मा, नवीन चंद्राकर सहित अन्य शिक्षकों का शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो से सम्मान किया गया।

नव पदोन्नत प्राचार्यों सुश्री शांति पटेल, कंचन सिंह सूर्यवंशी, रामदुलार प्रजापति, लोकेश कुमार मरकाम सहित अन्यतथा नव पदोन्नत प्रधान पाठकों शेष कुमार सोम, चंद्रहास शांडिल्य, गजेसिंह मरकाम, श्रीमती नूरजहां खान आदि का भी उत्साहपूर्वक सम्मान किया गया।

कार्यक्रम में कई वरिष्ठ शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। ब्लॉक अध्यक्ष महेंद्र कुमार बोर्झा ने आभार व्यक्त किया।

## वीर मेला में दरबा की छात्रा श्रीप्रिया का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

वीर मेला राजाराव पठार जिला बालोद में आदिवासी प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें सरस्वती शिशु मंदिर कुरुद की 10वीं की छात्रा श्रीप्रिया ध्रुव पिता घनश्याम ध्रुव ग्राम दरबा को अखिल भारतीय स्तर पर भाला फेंक में रजत पदक प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में आयोजित जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में श्रीप्रिया ने तवा फेंक में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

## छात्रों ने लगाई खाद्य सामग्री, हस्तनिर्मित वस्तुओं की प्रदर्शनी

- साहनीखार स्कूल में बाल उत्सव मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



शासकीय प्राथमिक शाला साहनीखार में बाल मेला उत्सव मनाया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। उन्होंने मेले में बच्चों द्वारा लगाई गई विभिन्न शिक्षण मनोरंजन आधारित दुकानों का अवलोकन किया। बच्चों से आत्मीय बातचीत की तथा उनसे सामग्री खरीदकर उनका उत्साहवर्धन किया। मेले में परोसे गए व्यंजनों का स्वाद लेते हुए उन्होंने ग्रामीणों एवं विद्यार्थियों को भी व्यंजन परोसे। श्री सार्वा ने कहा कि बाल मेला बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रभावी माध्यम है। इससे बच्चों में व्यापार, संवाद कौशल एवं लेन-देन की व्यवहारिक समझ विकसित होती है। उन्होंने विद्यालय परिसर में अहाता निर्माण की मांग को शीघ्र पूरा करने का भरोसा दिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता हायर सेकेंडरी स्कूल बिरगुड़ी के प्राचार्य मोहन कुर्रे ने की। विशिष्ट अतिथि कृषि सभापति एवं जनपद सदस्य पन्नालाल मरकाम, सरपंच लटियारा रुपेश कुमार ध्रुव, भाजपा मंडल बेलरगांव महामंत्री दीपक साहू, विनय देवांगन, सरपंच पांवद्वार राकेश नेताम, वार्ड पंच रामगुलाल नेताम, युवराज सेन, दीना देवांगन, प्रधानपाठक साहनीखार, प्रधानपाठक भेजरीरावण रश्मि कंचन, प्रधानपाठक लटियारा रोशनी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं स्कूली बच्चे उपस्थित थे। बाल मेले में विद्यार्थियों ने विभिन्न खाद्य सामग्रियों, हस्तनिर्मित वस्तुओं तथा रचनात्मक प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### सत्संग समारोह 14 से

**सिर्री।** ग्राम सिर्री के अटल चौक में राजकुमार साहू, ठाकुरराम, लीलाराम द्वारा 14 और 15 दिसंबर को सत्संग का आयोजन किया गया है। प्रवचनकर्ता निष्ठा साहेब बाराबंकी उत्तरप्रदेश होंगे। वे अपनी संत मंडलियों के साथ पहुंचेंगे। प्रवचन का समय सुबह 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक है। यह जानकारी ठाकुरराम साहू ने दी है।

### टेनिस बाल क्रिकेट 6 से

**पुरी।** ग्राम उड़ेना में ग्रामीण स्तरीय पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 जनवरी से किया गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि 12 दिसंबर है। प्रवेश शुल्क 1600 रुपये है। प्रथम पुरस्कार 30001 रु. एवं ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 15001 रु. एवं ट्राफी दी जायेगी।

## पचपेड़ी स्कूल में शिक्षक-छात्र सम्मेलन 10 जनवरी को



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी में शिक्षक-छात्र सम्मेलन का आयोजन 10 जनवरी 2026 को आयोजित किया गया है जिसमें पचपेड़ी से पासआउट हुए छात्र एक बार पुनः इस सम्मेलन के माध्यम से अपनी सफलता एवं उपलब्धि के बारे में अपने विचार साझा करेंगे। शिक्षक छात्र सम्मेलन के लिए पूर्व छात्रों का पंजीयन प्रारंभ हो चुका है। पंजीयन की अंतिम तारीख 20 दिसंबर है।

कार्यक्रम की तैयारी में व्याख्यातागण मिथलेश कुमार सिन्हा, रवींद्र कुमार कोसरे, प्रदीप कुमार मानिकपुरी व हेमेंद्र कुमार मेश्राम विज्ञान सहायक जुटे हैं।

## जोरातराई में केवल दो घंटे ही जलती है स्ट्रीट लाइट



- ग्रामीणों ने खराब बैटरी को शीघ्र बदलने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम जोरातराई में लगाई गई सौर ऊर्जा आधारित स्ट्रीट लाइट लगातार समस्या दे रही है। ग्रामीणों ने बताया कि लाइट शाम को कुछ देर जलने के बाद केवल दो घंटे में ही बंद हो जाती है जिससे रात में अंधेरा व्याप्त रहता है और आवागमन में असुविधा होती है। वहां 7 से अधिक बैटरी खराब हो गई है। इसकी जानकारी विभाग को दी जा चुकी है मगर अभी उसे बदलने को कोई कर्मचारी नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि सौर लाइट का उद्देश्य गांव में रोशनी बढ़ाना और सुरक्षा सुनिश्चित करना था, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण लाइट का सही उपयोग नहीं हो पा रहा है।

एतवारू मरकाम, दरबारी नेताम, हेमलाल नेताम, जगन्नाथ शोरी, घसियाराम शोरी ने संबंधित विभाग से तुरंत मरम्मत और स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि गांव की मुख्य सड़कें और चौक-चौराहे पूरी रात रोशन रह सकें। ग्रामीणों ने आगे कहा कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं होता है, तो वे उच्च अधिकारियों को ज्ञापन सौंपने को बाध्य होंगे।

Pride of Dhamtari




विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201

## खबर संक्षेप

### शराब पीने की सुविधा दी तीन पर की गई कार्रवाई

**कांकेर**। जिला के पुलिस द्वारा अलग अलग कार्यवाही करते हुए 9 दिसंबर को तीन लोगो को पकड़ा। पखांजुर पुलिस ने आरोपी पखांजुर निवासी 62 वर्षीय गोपाल विश्वास और पीव्ही 125 निवासी 45 वर्षीय हषित बैरागी द्वारा लोगो को शराब पीने की अवैध रूप से सुविधा देते हुए पकड़ा। दोनो आरोपी के खिलाफ धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने कोरर थानांतर्गत हाटकर्रा निवासी जयलाल दर्रो को सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करते हुए पकड़ा। मौके पर आरोपी के कब्जे से अंग्रेजी शराब, चखना व डिस्पोजल गिलास को जप्त कर धारा 36 (च) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया।

### इलाज के दौरान युवती की मौत, विवेचना जारी

**कांकेर**। पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 45 निवासी 19 वर्षीय सरिता नुरूटी का अज्ञात कारणों से मौत हो गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतिका को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था, जिसका अज्ञात कारणों के चलते 9 दिसंबर को सिविल अस्पताल में मौत हो गया।

### चारगांव में जिला स्तरीय जसनि शिविर 12 को

**कांकेर**। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार जिले के आम नागरिकों की आवश्यकताओं, शिकायतों एवं समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आगामी 12 दिसम्बर शुक्रवार को कोयलीबेड़ा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत चारगांव में जनसमस्या निवारण शिविर शिविर लगाई जाएगी।

## निधन

### सुरेंद्र तिवारी



**कुरुद**। ग्राम भालुझूलन वाले शिक्षक कॉलोनी कुरुद निवासी सुरेंद्र तिवारी 73 वर्ष का सोमवार को निधन हो गया। वे चम्पा देवी के पति व रवि व प्रफुल्ल तिवारी के पिता थे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### औषधीय खेती में जिले को मिला राष्ट्रीय सम्मान

इससे आजीविका संवर्धन एवं आय वृद्धि का अवसर प्राप्त हो रहा है। धमतरी, कुरूद और मगरलोड विकासखण्ड में ब्राह्मी, पचौली, लेमनग्रास और खस की खेती का विस्तार हुआ है। धमतरी विकासखण्ड में 23 एकड़ में ब्राह्मी और 7.5 एकड़ में पचौली की खेती की गई है। कुरूद विकासखण्ड में 38.5 एकड़ में लेमन ग्रास जबकि मगरलोड क्षेत्र में 28 एकड़ में खस का रोपण किया गया है। कुल मिलाकर जिले में 130 एकड़ से अधिक क्षेत्र में औषधीय खेती का विस्तार किया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस सफलता के लिए बिहान और कृषि विभाग के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए बधाई दी।

न्यायालय तहसीलदार भखारा जिला धमतरी छ.ग.

**उपस्थिति सूचना**

रा.प्र. 202511130100044 / अ- 74 वर्ष 2025 26
ग्राम-सेमरा बी तहसील भखारा

एतद द्वारा सर्व साधारण आम जनता एवं ग्राम भखारा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका निर्मला तिग्गा पिता मनियानुस जाति उरांव निवासी कान्दुल तहसील व जिला रायपुर कास्तकार सेमरा बी पटवारी हल्का नं. 06 तहसील भखारा जिला धमतरी द्वारा आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम सेमरा पटवारी हल्का नं. 6 स्थित भूमि खसरा नं. 1683/1 रकबा 0.540 हे. राजस्व अभिलेख में आवेदिका निर्मला तिग्गा के नाम पर भूमि स्वामी हक में दर्ज है। आवेदिका उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा से विक्रेतागण तुलाराम पिता भूषण वगैरह निवासी सेमरा तहसील भखारा से कय किया है। क्रय दिनांक से आवेदिका प्रश्नाधीन भूमि पर कास्त काबिज है। चुकि आवेदिका की जाति उरांव है जो अनुसूचित जनजाति के अन्तर्गत आता है। आवेदिका अपने नाम पर दर्ज भूमि (स्व-अर्जित) को अपने पुत्र ना.बा. देवांश वर्मा पिता देवेन्द्र कुमार वर्मा वली पिता देवेन्द्र कुमार वर्मा निवासी कांदुल रोड बोरियाखुर्द तहसील व जिला रायपुर के पास पंजीकृत दानपत्र निष्पादित किये जाने अनुमति बाबत छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165(6) के अन्तर्गत आवेदन पत्र बैनामा की प्रति मय राजस्व अभिलेख बी-1 खसरा की प्रति न्यायालय कलेक्टर महोदय धमतरी को प्रेषित आवेदन पत्र मय मूल प्रकरण जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। अतः आवेदिका के आवेदन पत्र के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या हित बद्ध पक्षकार व संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 24/12/2025 तक स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08/12/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
भखारा

माता-पिता से वंचित बच्चों का भविष्य संवारने नगरी क्षेत्र के शिक्षक सामने आए

# 57 बेसहारा और जरूरतमंद बच्चों का गुरुछाया ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कहते हैं जिनके सिर पर माता पिता का हाथ रहता है, वे बच्चे बहुत किस्मत वाले होते है, लेकिन कई बच्चे ऐसे होते हैं जिनके ऊपर से भी माता पिता का छाया उठ जाता है।धमतरी जिले में ऐसे बच्चों का भविष्य संवारने शिक्षक आगे आये हैं। नगरी क्षेत्र के कुछ शिक्षकों ने गुरु छाया नाम से संगठन बनाया है। आज कुकरेल के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जहां माता-पिता से वंचित लगभग 57 बच्चों का सम्मान कर उन्हें शिक्षा में काम आने वाले जरूरी संसाधन उपलब्ध कराया गया।

गुरुछाया संस्था के संरक्षक कलीराम साहू व प्रकाशचंद्र साहू ने बताया कि माता-पिता को खोने के बाद कई बच्चे शिक्षा से भी वंचित हो जाते हैं। ऐसे बच्चों की मदद कर उन्हें मोटिवेट करने का काम उनकी संस्था करेगी। उन्हें हुनरमंद बनाने प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा थे। अध्यक्षता डीके सूर्यवंशी ने की।

विशिष्ट अतिथि महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, हृदयलाल साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, मीना साहू सभापति जिला पंचायत, अजय ध्रुव जिला पंचायत सदस्य, चंद्रकला भीषम साहू सदस्य जनपद पंचायत नगरी थे।

इस दौरान श्री सार्वा ने गुरुछाया मंच को 85 हजार रूपये सहयोग की घोषणा की। सर्व मंगला टीम के श्वेता ध्रुव, पुष्पा मरकाम, हिना मरकाम ने बच्चों को स्कूल बैग, अनिल वरदानीने कंबल दिया। भोजन व्यवस्था जोन कुकरेल के 7 समन्वयकों द्वारा की गई। मंच संचालन रेवाराम ओझा, श्रवण देवांगन व आभार व्यक्त विकासखंड शिक्षा अधिकारी कलीराम साहू ने किया। डीएमसी अनुराग त्रिवेदी ने बच्चों को अंतरराज्यीय भ्रमण कराने की भी बात कही। संस्था के कार्यकारिणी सदस्यों में महेंद्र सिंह मरकाम, प्रेमलता ध्रुव, अर्चना नेताम, अर्चना साहू शामिल हैं। कार्यक्रम में राजेश कुमार बैस, मीनेश कुमार अग्रवाल, वीरेंद्र कुमार श्रीवास, रतिराम मरकाम, राजेन्द्र कुमार ध्रुव, दीनदयाल साहू, माहेश्वरी ध्रुव, डोमार सिह ध्रुव, गंगाधर ध्रुव, भागवत साहू, द्रोण सिन्हा का सहयोग रहा।

## समस्या सुनने आशाबाई के घर पहुंचे महापौर



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जनसमस्याओं के त्वरित समाधान और नागरिकों से सीधे संवाद के अपने संकल्प को बरकरार रखते हुए महापौर रामू रोहरा रविवार को जोधापुर वार्ड निवासी आशाबाई के निवास पहुंचे। कुछ दिन पूर्व आशाबाई ने नगर निगम कार्यालय में मुलाकात कर अपनी आर्थिक स्थिति, आवास संबंधी समस्या, पट्टा उपलब्ध कराने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने का अनुरोध किया था। इस पर महापौर ने स्थल निरीक्षण का आश्वासन दिया था।

निवास स्थल पर पहुंचकर महापौर ने आशाबाई एवं परिवारजनों से चर्चा की तथा वास्तविक स्थिति का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दस्तावेजों की जांच कर शीघ्र पट्टा प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्रता की पुष्टि होते ही तत्काल प्रस्ताव भेजने का आश्वासन दिया। महापौर रोहरा ने कहा कि नगर निगम का उद्देश्य अंतिम पंक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। गरीब और जरूरतमंदों की सहायता करना निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## पदोन्नत शिक्षकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

शासकीय माध्यमिक शाला चमेदा में पदस्थ शिक्षक जलवती नागेश की प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति माध्यमिक शाला आमागांव विकासखण्ड गरियाबंद में एवं स्कंध ध्रुव की प्रधानपाठक पद पर पदोन्नति माध्यमिक शाला पेंड्रा विकासखण्ड छुरा में होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। दोनों शिक्षकों को शाल, श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर माध्यमिक शाला चमेदा के नवपदस्थ प्रधानपाठक देवेन्द्र कुमार साहू का शाला परिवार एवं शाला प्रबंधन समिति द्वारा अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य महेश्वर जयसिंधु ने सभी पदोन्नत शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके कर्तव्य का बोध कराया। सेवानिवृत्त प्राचार्य नारद राम ध्रुव ने सभी पदोन्नत शिक्षकों को शाला विकास के लिए हमेशा तत्पर रहने एवं छात्रों के शैक्षणिक गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया।

मौके पर संकुल समन्वयक कामेश्वर साहू, उपसरपंच जागेश्वर नेताम, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष धरम नेताम, भगतराम पटेल, हीरा सिंह मरकाम, द्रौपदी यादव प्रधानपाठक, ललित साहू, हेमपुष्पा साहू, मनमोहन मरकाम, पवन साहू, बीरबल नागेश, रमलू निषाद, लोकेश मरकाम, रमेश कुमार, शांति बाई, वेदबती, ओम बाई, रामेश्वरी बाई समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## बालक्रीड़ा प्रतियोगिता में पांच प्राइमरी और तीन मिडिल स्कूल के छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



डॉ. हजारीलाल जैन शाउमावि गोपालपुरी संकुल के तत्वावधान में संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई। तीन दिवसीय इस क्रीड़ा प्रतियोगिता में पांच प्राथमिक और तीन माध्यमिक विद्यालय के छात्रों ने भाग लिया। गोपालपुरी के क्रीड़ांगण में प्राथमिक शाला गोपालपुरी, कांशीपुरी, पुरी, नवीन पुरी और प्राशा बोड़रा (डी) के छात्र, माध्यमिक विद्यालय गोपालपुरी, माशा पुरी और माध्यमिक शाला बोड़रा के बच्चों और शिक्षकों ने भाग लिया। संकुल प्राचार्य लक्ष्मीकांत शर्मा, व्याख्याता देवेन्द्र भारद्वाज और संकुल समन्वयक प्रीतचंद गंगेले के दिशा-निर्देश में खेल शिक्षक सतीश साहू ने अपने सहयोगी शिक्षकों के साथ क्रीड़ा प्रतियोगिता में भाग लिया। प्राथमिक में व्यक्तिगत खेल सौ मीटर दौड़, गोली चम्मच, मेंढक दौड़, कुर्सी दौड़, सामूहिक खेल खो-खो, कबड्डी हुआ। माध्यमिक विभाग में सौ मीटर दौड़, रिलेरेस, बोरा दौड़, गोला फेंक, कुर्सी दौड़, सुईधागा दौड़ और खो -खो और कबड्डी खेली गई। प्राचार्य लक्ष्मीकांत शर्मा का संकुल के शिक्षकों, प्रबंधन समिति के सदस्य संतोषी साहू ने स्वागत किया। बालक वर्ग खो-खो में पीएस पुरी विजेता उपविजेता नवीन शाला पुरी और कबड्डी में पीएस पुरी विजेता, उपविजेता नवीन पुरी रहा। बालिका वर्ग प्राथमिक खोखो में पीएस कांशीपुरी विजेता, उपविजेता गोपालपुरी रहा। कबड्डी में पीएस कांशीपुरी विजेता, उपविजेता गोपालपुरी रहा। माध्यमिक विभाग बालक वर्ग रिलेरेस में प्रथम गोपालपुरी, द्वितीय बोड़रा, बालिका वर्ग रिलेरेस में प्रथम गोपालपुरी, द्वितीय बोड़रा। बालक वर्ग माध्यमिक खो-खो विजेता बोड़रा डी, उपविजेता गोपालपुरी। कबड्डी में विजेता एमएस गोपालपुरी, उपविजेता बोड़रा डी रहा। इसी तरह बालिका वर्ग खो-खो में विजेता एम एस पुरी, उपविजेता बोड़रा डी, कबड्डी में विजेता एमएस पुरी, उपविजेता एमएस गोपालपुरी रहा। निर्णायक प्राशा बोड़रा के प्रधान पाठक रामप्रसाद नाग, प्रधानपाठक सुरेश दीपक, अनिल सोरी, चन्द्रशेखर देवांगन, सतीश साहू, देवेन्द्र भारद्वाज, यशवंत देवांगन, सावित्री देवांगन रहे।

## छह दिव्यांग छात्रों को मिले स्मार्टफोन व ब्लूटूथ कीबोर्ड



■ छात्रों की आत्मनिर्भरता और सीखने की क्षमता बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला प्रशासन ने दिव्यांगजनों को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए छह दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को स्मार्टफोन और ब्लूटूथ की-बोर्ड प्रदान किए। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित एक सरल व गरिमामय कार्यक्रम में इन उपकरणों का वितरण किया। इस पहल का उद्देश्य ऐसे बच्चों को पढ़ाई, कौशल विकास और डिजिटल माध्यमों से सीखने में सक्षम बनाना है।

यह डिवाइस जिले में संचालित ज्योतिर्गमय प्रोजेक्ट के तहत उपलब्ध कराए गए। इस प्रोजेक्ट में सक्षम टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन सक्षम तथा धमतरी निवासी दृष्टिबाधित सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद शर्मा का विशेष योगदान रहा। श्री शर्मा कई वर्षों से दृष्टिबाधित बच्चों के लिए ब्रेल शिक्षा, डिजिटल लर्निंग और सहायक तकनीकों पर कार्य कर रहे हैं। उनके प्रयासों से पीयूष निषाद, नेहा, सुहानी, दर्शना, दीपा और संदीप को यह लाभ मिल सका। कार्यक्रम में अधिकारियों ने बच्चों को स्मार्टफोन और कीबोर्ड के फीचर्स तथा उपयोग की जानकारी दी। बताया गया कि ये उपकरण ई-रीडर, स्क्रीन रीडर, ऑनलाइन क्लासेस, रिकॉर्डेड लेक्चर सहित विभिन्न डिजिटल शिक्षण साधनों के उपयोग में सहायक होंगे, जिससे छात्रों की आत्मनिर्भरता और सीखने की क्षमता बढ़ेगी।

इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर डॉ. कल्पना ध्रुव, डॉ. मनीषा पाण्डेय उपसंचालक समाज कल्याण सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि हर दिव्यांग विद्यार्थी तक तकनीक और शिक्षा की समान पहुंच सुनिश्चित हो। उन्होंने विश्वास जताया कि ऐसे डिजिटल उपकरण बच्चों के उज्जवल भविष्य की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## गढ़िया महोत्सव में दिखी पारंपरिक नृत्य, लोकगीत की झलक





**नगरी**। गुडरापारा (सरईटोला) में इस वर्ष भी गढ़िया महोत्सव मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकास मरकाम अध्यक्ष आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड छत्तीसगढ़, मोना सेन अध्यक्ष केशशिल्प बोर्ड छग, प्रकाश बैस भाजपा जिलाध्यक्ष, डॉ.राधेश्याम बारल पंथी कलाकार, महेश गोटा अध्यक्ष जनपद पंचायत नगरी, हृदय साहू उपाध्यक्ष, अजय ध्रुव सभापति जिला पंचायत, आशु पडौटी प्रदेश भाजपा, कलावती मरकाम जनपद सदस्य नगरी, मानकी कुंजाम संरपच गुहाननाला थे। ग्रामवासियों ने बताया कि गढ़िया महोत्सव स्थानीय कला, संस्कृति, पारंपरिक नृत्य, लोकगीत एवं सामाजिक एकता का प्रतीक है, जिसका सभी ग्रामीण बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस वर्ष भी कार्यक्रम में पारंपरिक गढ़िया नृत्य एवं स्थानीय कलाकारों की विभिन्न प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। महोत्सव का आयोजन जय गढ़िया बाबा आदिवासी लोक नृत्य सेवा समिति गुडरापारा (सरईटोला) के तत्वावधान में किया गया।

## शहर में बिछ रही पाइपलाइन के कार्य का जल सभापति ने किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर में जल आवर्धन योजना के तहत पाइपलाइन बिछाई जा रही है। महापौर रामू रोहरा के निर्देश पर जल आवर्धन कार्य तेजी से जारी है, जिससे शहरवासियों को उनके घरों तक स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो सके। जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर, पार्षद हेमंत बंजारे ने जालमपुर स्कूल क्षेत्र तथा महंत घासीदास वार्ड में चल रहे पाइपलाइन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साइट इंजीनियर लोमेश देवांगन, प्रह्लाद मंडावी, मानसिंह समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित थे। विभाग सभापति अखिलेश सोनकर ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को कार्य को निर्धारित समय में गुणवत्तापूर्ण तरीक़े से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## पूर्व मुख्यमंत्री बघेल का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**धमतरी**। राजाराव पठार में आयोजित वीर मेले में शामिल होने जा रहे पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का ग्राम संबलपुर में कांग्रेसियों ने आत्मीय स्वागत किया।

कांग्रेस का हर कार्यकर्ता निभायेगा विपक्ष की सशक्त भूमिका : तारिणी

# एसआईआर, वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रीय आंदोलन, धान खरीदी पर हुई चर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राजीव भवन में जिलाध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने निर्वाचन आयोग द्वारा चलाए जा रहे एसआईआर की समीक्षा, वोट चोर गद्दी छोड़ राष्ट्रीय आंदोलन, धान खरीदी में किसानों को हो रही समस्याों को लेकर बैठक बुलाई। बैठक में विधायकद्वय ओंकार साहू, अंबिका मरकाम, पूर्व विधायक डॉ लक्ष्मी ध्रुव, प्रदेश संयुक्त महामंत्री पंकज महावर, मोहन लालवानी, शरद लोहाना, विजय देवांगन, विपिन साहू, आनंद पवार, कविता बाबर, गोपाल शर्मा, विजय प्रकाश जैन, सूर्याराव पवार, हरमिंदर छाबड़ा, सलीम रोकड़यिा, बृजेश जगताप उपस्थित थे। सर्वप्रथम ब्लॉक अध्यक्ष एवं प्रभारियों से एसआईआर की प्रक्रिया पर जानकारी मांगी गई। ऐसे मतदान केंद्र जहां एसआईआर की प्रक्रिया धीमी है, वहां डोर टू डोर जनसंपर्क कर एसआईआर की प्रक्रिया को पूर्ण करने बीएलए को निर्देशित किया गया। साथ ही इसमें आने वाले परेशानी को लेकर उच्च अधिकारियों से चर्चा करने की बात कही गई। जिला अध्यक्ष व विधायक द्वय सहित वरिष्ठ नेताओं ने दिल्ली के रामलीला मैदान में 14 दिसंबर को आयोजित राष्ट्रव्यापी वोट चोर गद्दी छोड़ आंदोलन में कार्यकर्ताओं को शामिल होने कहा। श्रीमती चंद्राकर ने आगे कहा कि कांग्रेस का हर एक कार्यकर्ता सशक्त विपक्ष की भूमिका में सरकार की जन विरोधी नीतियों को जनता के सामने बेनक़ाब करेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## बारना स्कूल के बच्चों को दिए करियर बनाने के टिप्स

**कुरुद**। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बारना में करियर गाइडेंस पर कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें कंडेल महाविद्यालय के सहायक प्रध्यापक पीताम्बर सिन्हा समाजशास्त्र और संजय पवार सहायक प्राध्यापक भौतिक शास्त्र ने बच्चों को करियर से संबंधित जानकारी दी। बच्चों को किस प्रकार से पढ़ाई करनी है, उस पर भी चर्चा की गई। खास तौर पर दसवीं के बच्चों को विषय चयन को लेकर टिप दिया गया। छात्र-छात्राओं की समस्याओं को भी दूर किया गया। प्रभारी प्राचार्य श्रीमती टेमिन साहू ने खुशी व्यक्त की और बच्चों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शिक्षकगण श्रीमती पूनम हिरानी, श्रीमती उमा ठाकुर, श्रीमती अरुणा तिर्की समेत स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नवजागृति दुर्गा उत्सव समिति ने दी राकेश को श्रद्धांजलि



**धमतरी।** नवजागृति दुर्गा उत्सव समिति विवेकानंद वार्ड ने राकेश निषाद के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। श्रद्धांजलि देने वालों में संरक्षक राजकुमार तिवारी, समिति प्रमुख जमुना प्रसाद चक्रधारी, गोपाल बनवासी, धनराज गुप्ता, हरिश्चंद्र चक्रधारी, लखन शुक्ला, गोलू चक्रधारी, राजू सिन्हा, खेमलाल, राज सोनवानी, भीषम सोनी, सुनील मीनपाल, शेष कुमार, महादेव गुप्ता, राजू चक्रधारी, राकेश गुप्ता, अजय निर्मलकर, रोहित कुमार, धनेश निषाद, सोनू निर्मलकर सहित अन्य सदस्य शामिल है।

### स्क्वैश में भोथली स्कूल के छात्र का चयन



**धमतरी।** राष्ट्रीय स्तर शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता स्क्वैश में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोथली से एक खिलाड़ी का चयन हुआ है। इससे पहले 27 से 30 सितम्बर 2025 तक रायपुर में आयोजित 25वीं राज्य स्तरीय स्क्वैश प्रतियोगिता में इस विद्यालय से सागर साहू अंडर -14 एवं जयप्रकाश साहू अंडर-19 में गोल्ड मेडल प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इनमें से जयप्रकाश साहू का चयन 69वीं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हुआ है। यह खिलाड़ी इंदौर मध्यप्रदेश में 11 से 13 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। इनके चयन पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष त्रिभुवन सन्हरा, अशोक सिन्हा, सरपंच शिवरात्रि ध्रुव, प्राचार्य एलके उपाध्याय, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी गणेशप्रसाद साहू, व्याख्याता एलएन साहू, आरके साहू, मंजूषा साहू, रेखा देहारी, रेणुका ध्रुव, स्वाति शोरी समेत अनेक लोगों ने हर्ष व्यक्त किया है।

धमतरी के लाखों उपभोक्ताओं को मिलेगा बड़ा फायदा

# मिलेगी राहत : जनवरी से 200 यूनिट तक आधा बिजली बिल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बिजली बिल हाफ योजना में लंबे इंतज़ार के बाद आखिरकार राहत की किरण दिखाई दी है। सरकार द्वारा नए नियम जारी करने के बाद अब दिसंबर 2025 की खपत का बिल जनवरी में जारी होगा, जिसमें 200 यूनिट तक आधा बिल देने का प्रावधान लागू हो जाएगा। इस फैसले से धमतरी व कुरूद संभाग के घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ा आर्थिक सहारा मिलने की उम्मीद है।

विद्युत विभाग के अभियंता अनिल सोनी और सहायक अभियंता योगेश ताराम ने बताया कि अभी नवंबर माह की खपत पर 100 यूनिट तक ही रियायत दी जा रही है, इसलिए उपभोक्ताओं को दिसंबर में भी अधिक बिल चुकाना पड़ेगा। लेकिन नए निर्देश लागू होते ही जनवरी से 200 यूनिट तक आधा बिल देने का फायदा उपभोक्ताओं



को मिलने लगेगा। अधिकारियों के अनुसार सीमा बढ़ने से अब हजारों परिवार दोबारा योजना के दायरे में आएंगे।

अगस्त 2025 में सरकार ने अचानक बिजली बिल हाफ योजना को 400 यूनिट से घटाकर 100 यूनिट कर दिया था, जिससे धमतरी जिले के 80 प्रतिशत से ज्यादा उपभोक्ता योजना से बाहर हो गए थे। लगातार विरोध और जनदबाव के बाद सरकार ने नियमों में संशोधन करते हुए इसे 200 यूनिट तक बढ़ाने पर सहमति दी है। विभाग का मानना है कि नए प्रावधान से मध्यम वर्ग और निम्न आय वर्ग के उपभोक्ताओं को वास्तविक राहत मिलेगी।

धमतरी और कुरूद संभाग में मिलाकर कुल 2 लाख 23 हजार घरेलू उपभोक्ता पंजीकृत हैं। इनमें से धमतरी क्षेत्र में 1.27 लाख और कुरूद में 96 हजार उपभोक्ता शामिल हैं। छह वर्षों में दोनों संभागों को मिलाकर बिजली बिल हाफ योजना के तहत लगभग 120 करोड़ रुपए की छूट दी जा चुकी है।

ईई अनिल सोनी ने स्पष्ट किया कि जनवरी से स्पॉट बिलिंग के दौरान 200 यूनिट तक की खपत पर उपभोक्ता को केवल 100 यूनिट का बिल देना होगा। हालांकि 201 यूनिट खपत होते ही पूरा बिल देना अनिवार्य होगा और हाफ का लाभ स्वतः समाप्त हो जाएगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे बिजली उपयोग को नियंत्रित रखते हुए योजना का अधिकतम लाभ उठाएं।

# वीरनारायण सिंह के शहादत दिवस पर धमतरी हुआ एकजुट

- विधायक ओंकार साहू, पूर्व विधायक रंजना साहू और महापौर रामू रोहरा ने दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





जननायक और छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर नारायण सिंह की पुण्यतिथि पर धमतरी श्रद्धा और संकल्प से सराबोर रहा। शहर के विभिन्न स्थानों पर आदिवासी ध्रुव गोंड समाज द्वारा शहादत दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने भाग लेकर महान क्रांतिकारी को नमन किया।

शहीद वीरनारायण सामुदायिक भवन में आयोजित प्रमुख श्रद्धांजलि सभा में धमतरी विधायक ओंकार साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। उन्होंने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि वीर नारायण सिंह छत्तीसगढ़ की अस्मिता, न्याय और समानता की लड़ाई के प्रतीक हैं। उन्होंने जनता के अधिकारों के लिए अपने प्राणों का त्याग किया, उनका संघर्ष हर पीढ़ी को प्रेरित करता है।

इसी दौरान विधायक ने कहा कि धमतरी शहर के एक प्रमुख चौक का नामकरण शहीद वीर नारायण सिंह चौक किया जाना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके त्याग को याद रख सकें। इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए महापौर ने मंच से इसकी सहमति व्यक्त की।

इसी क्रम में धमतरी बिलाईमाता मंदिर के समीप आयोजित माल्यार्पण कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना डीपेंद्र साहू शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि शहीद वीर नारायण सिंह केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, पूरे देश की प्रेरणा हैं। उन्होंने अंग्रेजी अत्याचार और अन्याय के खिलाफ गरीबों व आदिवासियों की लड़ाई लड़ी। युवाओं को उनके साहस और त्याग से सीख लेनी चाहिए। रंजना साहू ने आदिवासी समाज की संस्कृति, शिक्षा और आर्थिक उन्नति के लिए निरंतर सहयोग का आश्वासन भी दिया।

उधर, शहीद वीर नारायण सिंह सामुदायिक भवन में आयोजित एक अन्य प्रमुख श्रद्धांजलि कार्यक्रम में महापौर रामू रोहरा सहित नगर निगम के पदाधिकारी और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल हुए। महापौर ने कहा कि 1856 के भीषण अकाल में उन्होंने जनता को भूख से बचाने के लिए अंग्रेजों के जमा धान को गरीबों में बांटा और अंग्रेजी शासन की क्रूरता के आगे न झुकते हुए 1857 में अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका बलिदान सदियों तक हमारे हृदय में जीवित रहेगा।

### जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय गौधाम समिति की हुई बैठक

# निराश्रित और घुमंतू पशुओं के संरक्षण के लिए बनी रणनीति

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय गौधाम समिति की बैठक हुई। बैठक में गौधाम योजना के बेहतर क्रियान्वयन, निराश्रित एवं घुमंतू पशुओं के संरक्षण और आधुनिक गौधामों की स्थापना पर चर्चा की गई।

बैठक में अध्यक्ष जिला पंचायत अरुण सार्वा ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी गौधाम योजना के तहत अधिक से अधिक आवेदन तैयार किए जाएं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि घुमंतू व बेसहारा पशुओं को सुरक्षित आश्रय व संरक्षण मिले। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि चयनित गौठानों के साथ-साथ सड़क दुर्घटना संभावित क्षेत्रों के ऐसे गौठानों का चयन किया जाए, जहां पर्याप्त भूमि, पेयजल, बिजली और हरे चारे की उपलब्धता हो। इससे किसी भी पशु को असुविधा न हो और उनके पुनर्वास की प्रक्रिया सुचारू रहे।

छग राज्य गौसेवा आयोग की जिला समिति के अध्यक्ष हेमराज सोनी ने योजना के मूल उद्देश्य बताए। उन्होंने कहा कि निराश्रित और घुमंतू पशुओं को आश्रय देना, गौ-उत्पादों के माध्यम से ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराना और समाज में गोसेवा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना योजना की प्राथमिकता है। पशुधन विभाग के अतिरिक्त उप संचालक डॉ. टीआर वर्मा ने नस्ल सुधार पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि ग्रामों के सांडों का बधियाकरण आवश्यक है, जिससे कृत्रिम गर्भाधान को बढ़ावा मिलेगा। उन्नत नस्ल के हिमीकृत लिंग वर्गीकृत वीर्य के उपयोग से दुग्ध उत्पादन बढ़ने की संभावनाएं भी साझा कीं। डॉ. मरकाम ने बताया कि जिले में इच्छुक संस्थाओं से गौधाम संचालन हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रथम चरण में राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास के ग्रामों में गौधाम स्थापित किए जाएंगे। इन केंद्रों में निराश्रित, घुमंतू और जप्त पशुओं का वैज्ञानिक पद्धति से संरक्षण, चिकित्सा व पुनर्वास किया जाएगा। दुर्घटना में घायल व कमजोर पशुओं की देखरेख भी प्राथमिकता में होगी। पशु चिकित्सक सहायक शल्यज्ञ प्रमोद कुमार ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### एयर फोर्स में दीपक का चयन

**बगदेही(धमतरी)।** ग्राम सांकरा निवासी दीपक कुमार पिता धनेश कुमार साहू का अग्निवीर भारतीय वायु सेना (इंडियन एयरफोर्स) में चयन हुआ है।

# गोकुलपुर अखाड़ा की निकिता खेलेंगी नेशनल

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

बीएसपी अखाड़ा सेक्टर- 3 भिलाई में छत्तीसगढ़ सीनियर बालक बालिका राज्यस्तरीय चयन कुश्ती प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में विभिन्न जिले के बालक-बालिका 80 खिलाड़ी भाग लिए। कुश्ती चयन विभिन्न श्रेणी फ्री स्टाइल ग्रीको रोमन और महिला फ्री स्टाइल के लिए विभिन्न वजन समूह में खिलाड़ियों का चयन किया गया। ये सभी खिलाड़ी अहमदाबाद गुजरात में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

राज्यस्तरीय स्पर्धा में जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर धमतरी



की बालिका खिलाड़ी निकिता सोनवानी ने 76 किलो ग्राम में गोल्ड मेडल प्राप्त किया और राष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाया। कोच नुमेश यादव के साथ 10 दिसंबर को अहमदाबाद के लिए प्रस्थान करेंगी। इस उपलब्धि पर जय बजरंग अखाड़ा गोकुलपुर वार्ड के उस्ताद भगवान सिंह यादव, राजकुमार, अंकालु, कृष्ण साहू , मेघराज यदु, रामकुमार साहू, तुलसी, हरीश, लोकेश नेताम, लल्ला यदु, वरिष्ठ खेल शिक्षक एआर थिटे, कोच विजय कुमार यादव ने हर्ष जताया है।

# शहीद वीरनारायण सिंह को दी गई श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

छत्तीसगढ़ के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम सेनानी शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस के मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने अपने सहयोगी पार्षदों एवं आदिवासी समाज के लोगों के साथ मिलकर सोनाखान के सपूत की आदमकद मूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

10 दिसंबर को नगरपालिका कुरूद में सिरसा चौक में लगी छत्तीसगढ़ के प्रथम क्रांतिकारी शहीद वीर नारायण की प्रतिमा में नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके प्रति अपनी कृतज्ञता जाहिर की।

इस मौके पर पार्षद अर्जुन ध्रुव, मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, रवि मानिकपुरी एवं सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# महापौर को मिली बिलासपुर संभाग प्रभारी की जिम्मेदारी



- प्रथम नगर आगमन पर भाजपाइयों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी द्वारा महापौर जगदीश रामू रोहरा का भव्य स्वागत किया गया। हाल ही में भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा उन्हें बिलासपुर संभाग प्रभारी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपे जाने के पश्चात उनके प्रथम धमतरी आगमन पर कार्यकर्ताओं और नागरिकों में विशेष उत्साह देखा गया। घड़ी चौक में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि तथा समर्थकों ने महापौर श्री रोहरा का पुष्पगुच्छ, माल्यार्पण एवं ढोल-नगाड़ों के साथ आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर श्री रोहरा ने प्रदेश संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो ज़िम्मेदारी मिली है, उसे वे पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निभाएंगे। उन्होंने धमतरी नगर सहित पूरे संभाग के विकास और संगठन की मजबूती के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया।

# झरिया महार, महरा समाज का वार्षिक सम्मेलन 21 को


हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ प्रदेश झरिया महार, महरा समाज एवं श्री देवजी युवा मंच द्वारा 21 दिसंबर को रानीतराई में (देवस्थल कौही से 1 किमी दूरी) वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर वार्षिक सामाजिक कैलेंडर संस्करण द्वितीय वर्ष 2026 का विमोचन भी किया जायेगा।

### समाज की 14 को होगी विशेष बैठक

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ झरिया महार, महरा समाज एवं श्री देवजी युवा मंच द्वारा प्रांतीय पदाधिकारियों, महिला प्रकोष्ठ तथा परगना स्तर के अध्यक्ष-सचिवों की विशेष बैठक 14 दिसंबर रविवार को आयोजित की जाएगी। बैठक सुबह 11 बजे रानीतराई





स्थित मेश्राम कृषि फार्म हाउस में होगी। बैठक में युवक-युवती परिचय सम्मेलन और वार्षिक सम्मेलन की तैयारियों, कार्य-विभाजन और जिम्मेदारियों पर चर्चा की जाएगी। समाज के पदाधिकारियों ने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित रहने की अपील की है।

# क्विज प्रतियोगिता में टीम डी ने मारी बाजी

**मगरलोड।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में गणित, विज्ञान क्लब द्वारा गणित, विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की पांच टीम बनाई गई जिसमें टीम डी ने उमा देवी के नेतृत्व में पूर्वी, केश कुमार व रीना के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्याभूषण के नेतृत्व में टीम ई ने हेमवर्षा, खेमिन व वेदिका के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। इसमें गणित और विज्ञान के प्रश्नों को रोचक तरीके से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों को विभिन्न अलग-अलग राउंड में पूछा गया। प्रतियोगिता का संचालन शाला की विज्ञान शिक्षिका विनीता ध्रुवे, दामिनी ध्रुव और गणित शिक्षक जियाउद्दीन मुगल ने किया। प्राचार्य पनेश सेन ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। निर्णायक शेख रसीउद्दीन कुरैशी और मार्गदर्शक के रूप में शिक्षिकाएं रूपेश्वरी साहू, एकता घिवरिया, रूपा साहू उपस्थित रहीं।







गड्ढों के कारण दुकानदारों और राहगीरों को थी परेशानी

# सदर बाजार की सड़कें हुईं दुरुस्त, पैचवर्क पूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के सबसे व्यस्त और व्यापारिक क्षेत्र सदर बाजार की जर्जर सड़कों पर आखिरकार राहत का दौर शुरू हो गया है। नगर पालिका निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग के संयुक्त प्रयास से यहां पैचवर्क व पेंजिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। विंध्यवासिनी मंदिर से रामबाग गणेश चौक, इतवारी बाजार चौक, कचहरी चौक, चमेली चौक, मठ मंदिर चौक, गोल बाजार होते हुए घड़ी चौक तक मार्ग पर जगह-जगह बने गड्ढों को भरकर डामर बिछाया



गया। इसके बाद बेलन की मदद से सड़क को समतल कर यातायात योग्य बनाया गया।

कार्य पूर्ण होने के बाद नागरिकों ने राहत की सांस ली है। लगातार उखड़ते डामर और बारिश के दौरान बन गए गहरे गड्ढों के कारण दुकानदारों और राहगीरों को लंबे समय से परेशानी झेलनी पड़ रही थी। वाहन चालक अक्सर इन गड्ढों में फंसकर दुर्घटना का शिकार होते थे। वहीं बारिश में गड्ढों में भरे पानी की वजह से पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता था।

शहर के युवा सामाजिक कार्यकर्ता अभय जायसवाल, विवेक सोनी, दीपांशु सोनी, कनक अग्रवाल, निकेश मेहता सहित अन्य नागरिकों ने बताया कि सदर बाजार में सड़क की स्थिति काफी खराब हो चुकी थी। बारिश में डामर उखड़ जाने से लोगों को रोजाना हिचकोले खाकर गुजरना पड़ता था। पैचवर्क पूरा होने के बाद अब वाहन आसानी से चलने लगे हैं और बाजार का यातायात सुगम हो गया है।

निगम और पीडब्ल्यूडी विभाग ने स्पष्ट किया है कि पूरे शहर में पाइपलाइन नेटवर्क का कार्य पूरा होते ही सभी मुख्य मार्गों का डामरीकरण किया जाएगा। नागरिकों ने समय रहते कार्य पूरा करने पर निगम प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया है। सदर बाजार में हुए इस सुधार से शहरवासियों में उम्मीद जागी है कि जल्द ही पूरे शहर की सड़कें भी समतल और सुरक्षित दिखेंगी।


यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरुषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में

तुरंत आराम के लिए

बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810

यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता

खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक




तुरंत आराम के लिए

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय

पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732

लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज

चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज

पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज

बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज

पुरुष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज

स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज

बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज